अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

**06 OCT. 2023**

**USEFUL FOR**

# IAS | PCS

## & other civil services exams




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **विश्व शिक्षक दिवस : 5 अक्टूबर**




- विश्व शिक्षक दिवस प्रतिवर्ष 5 अक्टूबर को मनाया जाता है.
- गूगल स्पेशल डूडल के साथ इस दिवस को मना रहा है.
- विश्व शिक्षक दिवस की शुरुआत वर्ष 1994 में की गयी थी.
- यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO), यूनिसेफ और एजुकेशन इंटरनेशनल की साझेदारी में आयोजित किया जाता है.

2. **साहित्य का नोबेल प्राइज नॉर्वे के राइटर जॉन फॉसे को दिया गया**




- साहित्य का नोबेल प्राइज 64 साल के नॉर्वे के राइटर जॉन फॉसे को दिया गया है।
- कमेटी ने माना है कि उनके नाटकों और कहानियों ने उन लोगों को आवाज दी है जो अपनी बातें कहने में सक्षम नहीं थे।
- जॉन ने अपने नाटकों में ड्रामा के जरिए उन इंसानी भावनाओं को जाहिर किया है जो आमतौर पर जाहिर नहीं की जा सकती हैं।
- जिसे समाज में टैबू समझा जाता है।

3. **एशियन गेम्स के 12वें दिन भारत ने कुल 5 मेडल जीते**



- होंगझोउ में चल रहे एशियन गेम्स के 12वें दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन किया।
- 12वें दिन भारत ने कुल 5 मेडल जीते। इसमें 3 गोल्ड, 1 सिल्वर और एक ब्रॉन्ज शामिल है।
- भारत के अब कुल 86 मेडल हो गए हैं। जिसमें 21 गोल्ड शामिल हैं।
- भारत पहले ही अपने ऑल टाइम बेस्ट परफॉर्मेंस को पीछे छोड़ चुका है।
- 2018 एशियन गेम्स में भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 70 मेडल जीते थे, जिनमें 16 गोल्ड शामिल थे।

4. **लखनऊ और वाराणसी सोलर सिटी में "हर घर सोलर अभियान" की शुरुआत की जा रही है**



- प्रदेश में सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए आज से यानी की महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर से पूरे महीने लखनऊ और वाराणसी सोलर सिटी में "हर घर सोलर अभियान" की शुरुआत की जा रही है।
- इस अभियान के जरिए यूपीनेडा द्वारा सोलर एनर्जी पालिसी-2022 के अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित 6000 मेगावाट सोलर रूप टॉप संयंत्र लगाए जाने हैं।
- पूरे लखनऊ में ऐसे 40 जगह बूथ कैंप लगाए जाएंगे।

5. **बिहार सरकार ने डॉल्फिन संरक्षण के लिए 5 अक्टूबर को 'डॉल्फिन दिवस' मनाया**



- बिहार में गंगा नदी में सबसे ज्यादा डॉल्फिन पाई जाती हैं।
- बिहार सरकार डॉल्फिन संरक्षण के लिए हर साल 5 अक्टूबर को 'डॉल्फिन दिवस' के रूप में मनाती है।

- केंद्र सरकार ने डॉल्फिन दिवस मनाने के 10 अक्टूबर को प्रस्तावित किया था लेकिन बिहार पहले से ही 5 अक्टूबर को डॉल्फिन दिवस मना रहा है इसलिए केंद्र ने भी डॉल्फिन दिवस मनाने के लिए 5 अक्टूबर की घोषणा कर दी थी।
- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुझाव पर 5 अक्टूबर 2009 को केंद्र सरकार ने डॉल्फिन को राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित कर दिया,

**6 पश्मीना क्राफ्ट को हाल ही में GI टैग दिया गया**



- जम्मू-कश्मीर के सुरम्य जिले कठुआ से निकलने वाले सदियों पुराने पारंपरिक शिल्प बसोहली पश्मीना को हाल ही में प्रतिष्ठित भौगोलिक संकेतक (GI) टैग मिला है।

- बसोहली पश्मीना अपनी असाधारण कोमलता, बारीकी और पंख जैसे वजन के लिए प्रसिद्ध है।
- पारंपरिक हाथ से कताई तकनीकों का उपयोग करके कुशल कारीगरों द्वारा तैयार किया गया, यह उत्तम कपड़ा एक सदी से अधिक समय से विलासिता और लालित्य का प्रतीक रहा है।

**7 सुधा मूर्ति को कनाडा इंडिया फाउंडेशन (CIF) द्वारा प्रतिष्ठित ग्लोबल इंडियन अवार्ड से सम्मानित किया गया**



- प्रसिद्ध लेखक और परोपकारी सुधा मूर्ति को टोरंटो में आयोजित एक भव्य इंडो- कैनेडियन समारोह में कनाडा इंडिया फाउंडेशन (CIF) द्वारा प्रतिष्ठित ग्लोबल इंडियन अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- वे ग्लोबल इंडियन अवार्ड से सम्मानित होने वाली पहली महिला बन गयी हैं।
- सुधा मूर्ती इंफोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति की पत्नी हैं।

**8 ICC ने हाल ही में ब्लेज और टोंक को विश्व कप 2023 के शुभंकर के रूप में चुना है।**




- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आगामी विश्व कप के लिए ब्रांड शुभंकरों की एक आकर्षक जोड़ी पेश की है।
- अंडर-19 विश्व कप चैंपियन के कप्तान यश ढुल और शेफाली वर्मा की मौजूदगी में भारत के गुरुग्राम में एक कार्यक्रम में अनावरण किए गए ये शुभंकर उस एकता और भावना का प्रतीक हैं जिसे क्रिकेट दुनिया भर में बढ़ावा देता है।
- ICC का मुख्यालय दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में स्थित है।

**9 भारत और बांग्लादेश के बीच मेघालय में वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सम्प्रीति' के 11वें संस्करण की शुरुआत गयी**



- 3 अक्टूबर, 2023 को भारत और बांग्लादेश के बीच मेघालय के उमरोई में वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सम्प्रीति' के 11वें संस्करण की शुरुआत गयी।
- दोनों देशों के बीच बारी-बारी से होने वाला यह अभ्यास उनके बीच मजबूत द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के बारे में बताता है।
- SAMPRITI नामक सैन्य अभ्यास को 2009 में शुरू किया।
- इस अभ्यास का उद्देश्य "अंतरसंचालनीयता बढ़ाना, सामरिक विशेषज्ञता साझा करना और भारतीय और बांग्लादेशी सेनाओं के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना है।

**10 हैदराबाद में देश के पहला सोलर रूफ साइकिलिंग ट्रैक का उद्घाटन किया गया**



- 
- हाल ही में हैदराबाद में देश के पहला सोलर रूफ साइकिलिंग ट्रैक का उद्घाटन किया गया है।
- हेल्थवे नाम का यह इनोवेटिव ट्रैक विश्व स्तर पर अपनी तरह का दूसरा ट्रैक है।
- हैदराबाद आउटर रिंग रोड (ORR) पर स्थित यह ट्रैक 24 घंटे खुला रहेगा।
- 100 करोड़ रुपए की लागत से बने इस ट्रैक की छत पर 16MW के सौर पैनल लगे हुए हैं।
- 

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **विश्व शिक्षक दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
(a) 3 अक्टूबर
(b) 4 अक्टूबर
(c) 5 अक्टूबर
(d) 6 अक्टूबर

2. **साहित्य का नोबल पुरुस्कार किसे दिया गया है?**
(a) कैटालिन कारिको डू वीज़मैन
(b) पियरे एगोस्टिनी
(c) जॉन फॉसे
(d) ऐनी ल'हुइलियर

3. **एशियन गेम्स के 12 वे दिन भारत ने कुल कितने मेडल जीते है?**
(a) 7
(b) 6
(c) 5
(d) 3

4. **हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार कहाँ 'हर घर सोलर अभियान' शुरू करेगी ?**
(a) लखनऊ
(b) वाराणसी
(c) उपर्युक्त दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

5. **निम्न में से कौनसा दिन राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के रुप में मनाया जाता है?**
(a) 3 अक्टूबर
(b) 4 अक्टूबर
(c) 5 अक्टूबर
(d) 6 अक्टूबर

6. **पश्मीना क्राफ्ट को हाल ही में GI टैग दिया गया है। यह किस स्थान से संबंधित है?**
(a) जम्मू कश्मीर
(b) राजस्थान
(c) ओडिशा
(d) लक्षद्वीप

7. **निम्न में से कौन कनाडा इंडिया फाउंडेशन (CII) द्वारा प्रतिष्ठित ग्लोबल इंडियन अवार्ड पाने वाली पहली महिला बन गयी हैं?**
(a) नीता अंबानी
(b) सुधा मूर्ती
(c) इंदिरा नूयी
(d) मिताली राज

8. **ICC ने हाल ही में ब्लेज और टोंक को विश्व कप 2023 के शुभंकर के रूप में चुना है। ICC का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**
(a) दिल्ली
(b) दुबई
(c) वेलिंग्टन
(d) सिडनी

9. **भारत और किस देश के बीच सम्प्रीती सैन्य अभ्यास के 11 वें संस्करण की शरूआत की गयी?**
(a) नेपाल
(b) बांग्लादेश
(c) श्रीलंका
(d) म्यांमार

10. **देश का पहला सोलर रूफ साइक्लिंग ट्रैक कहां पर बनाया गया है?**
(a) हैदराबाद
(b) भोपाल
(c) गांधीनगर
(d) सूरत

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (C) | (c) | (c) | (c) | (c) | (a) | (b) | (b) | (b) | (a) |